# हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट,भोपाल

## प्रचार एवं जनसंपर्क विभाग

**दिनांक: 14/02/2024**






# आज की समाचार कतरनें


| S no. | Publication | Subject | Page no. |
|---|---|---|---|
| 01 | Navbharat | Productivity Oath related news | 03 |
| 02 | Navbharat | Sports related news | 04 |
| 03 | Raj Express | Company performance related news | 05 |
| 04 | Dainik Jagran | Union related news | 06 |
| 05 | Navbharat | BSM related news | 07 |

| Publication Date- | 14.02.2024 | Nav Bharat |
|---|---|---|
| Page no.- | 02 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

# उत्पादकता बढ़ाने कर्मियों को उत्साहित करें

## आर्थिक वृद्धि का उत्पादकता इंजन है आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस

नवभारत प्रतिनिधि

**भेल. 13 फरवरी. भेल के ईडी एसएम रामनाथन ने कहा कि भेल में उत्पादकता बढ़ाने के लिए सभी कर्मियों को समान रूप से प्रोत्साहित करें.**

भारत सरकार ने इस वर्ष राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह की थीम आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) रखी है, जोकि आर्थिक वृद्धि का उत्पादकता इंजन है. हम सभी को अपने उत्पादों में एआई का अधिकतम उपयोग करना है. रामनाथन भेल में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह-2024 का शुभारंभ करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए. उन्होंने सभी अधिकारियों को उत्पादकता की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में अमिताभ दुबे, महाप्रबंधक एवं डीआरओ उपस्थित रहे. उन्होंने कहा कि भेल एक इंजीनियरिंग कंपनी है. उच्च तकनीक तथा अद्यतन प्रौद्योगिकी ही हमारी सफलता के निर्णायक तत्व है. भारत सरकार के इस वर्ष के लिए निर्धारित थीम को हमें अपनी कार्य प्रकृति में शामिल करना होगा.



### प्रतिस्पर्धा के युग में व्यावसायिक वातावरण जरूरी

जीएम दुबे ने भेल में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में व्यावसायिक वातातरण के बीच उत्पादकता बढ़ाए बगैर हम अपने अस्तित्व की रक्षा नहीं कर सकते. आज वही कंपनी सफल है, जिन्होंने अपने प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले बेहतर उत्पादकता हासिल किया है. कार्यक्रम का संयोजन जे राजगोपाल, एजीएम एवं डॉ. आर पी श्रृंगीऋषि प्रबंधक और आभार प्रदर्शन डॉ. भगवान सिंह, अभियंता ने किया.

| Publication Date- | 14.02.2024 | Nav Bharat |
|---|---|---|
| Page no.- | 02 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

एक नजर में



## सब जूनियर सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का समापन

**भोपाल**. एमकेएन स्पोर्ट्स एकेडमी एवं जिला सॉफ्टबाल संघ के संयुक्त तत्वावान में 36 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर सॉफ्टबॉल बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का आयोजन सीआईएसफ खेल मैदान सिक्योरिटी लाइन गोविंदपुरा में किया गया था, जिसका समापन मुख्य अतिथि ईडी एसएम रामनाथन ने किया. विशेष अतिथि आरपी सिंह पूर्व ईडी भेल हैदराबाद, श्रीकांत थोराट कोषाध्यक्ष भारतीय सॉफ्टबॉल संघ, प्रवीण अनावकर सचिव मध्य प्रदेश सॉफ्टबॉल संघ, अशोक वाणी सदस्य एमआईसी, एम रवि एडवोकेट सांसद प्रतिनिधि, सीजे जायसन प्रभारी स्कूल शिक्षा खेल विभाग, सविता पारखे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, पंकज जैन खेल अधिकारी एलएनसीटी भोपाल आदि मौजूद रहे

| Publication Date- | 14.02.2024 | **Raj Express** |
|---|---|---|
| Page no.- | 08 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

## बीएचईएल थर्ड क्वार्टर में मुनाफे से घाटे में आई

भेल। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड महारत्न कंपनी पिछले वित्तीय वर्ष के थर्ड क्वार्टर के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2023-24 के थर्ड क्वार्टर में मुनाफे से घाटे में आ गई है। इसकी घोषणा मंगलवार को कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक कंपनी ने दिसंबर 2022 तिमाही में 52.71 करोड़ रुपए के मुनाफे के मुकाबले पिछली तिमाही में कर पूर्व 194.91 करोड़ रुपए का घाटा दर्ज किया। तीसरी तिमाही में कुल खर्च 9.32 बढ़कर 5816.87 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 5320.84 करोड़ रुपए था। बीएचईएल ने मंगलवार को 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही के लिए 163 करोड़ रुपए का स्टैंडअलोन शुद्ध घाटा दर्ज किया। जबकि एक साल पहले की अवधि में 31 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक ऑपरेशन से कंपनी का रेवेन्यू 4.56 फीसदी बढ़कर 5,503.81 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 5,263.38 करोड़ था। 24 में कंपनी की कुल आय 5,607.96 करोड़ हो गई। एक साल पहले की समान अवधि में यह 5,362.27 करोड़ थी।

## कर्मचारियों को इंक्रीमेंट देने की मांग

भेल। हेवु भारतीय मजदूर संघ भेल के पदाधिकारी महामंत्री कमलेश नागपुरे प्रदेश कार्यालय मंत्री दीपक गुप्ता विजय सिंह रावत कोषाध्यक्ष शिशुपाल यादव कार्यालय मंत्री राकेश कोल नगर सलाहकार समिति के सदस्य अरुण चौकीकर गजेंद्र बन्खोर और मेडिकल के सदस्य जागेश्वर टेंभरे ने भेल भोपाल के महाप्रबंधक बीके सिंह मानव संसाधन को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि 24 जून को रिटायर होने वाले व्यक्ति को भी पूर्णतः एक इंक्रीमेंट का लाभ दिया जाए तथा उसके आने वाले सर्विस पीरियड में उसकी पूरी गणना की जा सके। सभी रिटायर होने वाले बेनिफिट्स के साथ उसे उसकी गणना की जाए।

| Publication Date- | 14.02.2024 | Dainik Jagran |
|---|---|---|
| Page no.- | 07 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

# हेवु बीएमएस ने जीएमएचआर को सौंपा ज्ञापन

भेल। हेवु भारतीय मजदूर संघ भेल भोपाल के पदाधिकारी महामंत्री कमलेश नागपुरे, प्रदेश कार्यालय मंत्री दीपक गुप्ता, विजय सिंह रावत, कोषाध्यक्ष शिशुपाल यादव, कार्यालय मंत्री राकेश कोल, नगरं सलाहकार समिति के सदस्य अरुण चौकीकर, गजेंद्र बन्छोर और मेडिकल के सदस्य जागेश्वर टेंभरे ने भेल भोपाल के महाप्रबंधक बी के सिंह मानव



संसाधन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने मांग की है कि 24 जून को रिटायर होने वाले व्यक्ति को भी पूर्णतः एक इंक्रीमेंट का लाभ दिया जाए तथा उसके आने वाले सर्विस पीरियड में उसकी पूरी गणना की जाए सभी रिटायर होने वाले बेनिफिट्स के साथ उसे उसकी गणना की जाए ज्ञात हो कि भारतीय मजदूर संघ भेल महासंघ ने डायरेक्टर एच आर को भी पत्र दिया, भोपाल दिए पत्र के साथ कोर्ट के जजमेंट के साथ कैग की भी रिपोर्ट का हवाला दिया गया है जिसके आधार पर यह मांग की गई है।

| Publication Date- | 14.02.2024 | Nav Bharat |
|---|---|---|
| Page no.- | 02 | |
| Journalist- | Bhopal Bureau | |

## बीएचईएल के विक्रम स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

भेल . विक्रम हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया . कार्यक्रम [illegible] द्यालय के प्राचार्य राजेश वर्मा, वरिष्ठ शिक्षिका नरेंद्र कौर . [illegible] प्रज्वलन कर किया . कार्यक्रम में कक्षा 11 वी के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, तो 12 वीं के विद्यार्थियों ने रैंप वॉक किया . मिस्टर विक्रम किशन स्वर्णकार और मिस विक्रम न्यासा व्यास चुनी गईं . प्राचार्य राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह समय स्कूल की यादों को आजीवन संजोय रखने का है . हमारे बच्चे कभी स्कूल से विदा नहीं होते, वो पूर्व छात्र के रूप में हमेशा स्कूल से जुड़े रहते हैं .